सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 10 जुलाई, 2023

सप्तदश विधान सभा — सोमवार, तिथि 10 जुलाई, 2023 ई0

नवम सत्र — 19 आषाढ़, 1945 (शक)

( कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय - 11.00 बजे पूर्वाह्न )

( इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया )

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, अब राष्ट्रगान होगा । कृपया अपने-अपने स्थान पर खड़े हो जायं ।

( राष्ट्रगान )

प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के इस नवम सत्र में मैं आपका स्वागत करता हूँ ।

वर्तमान सत्र में कुल 5 बैठकें निर्धारित हैं । इसमें प्रश्न एवं लोक महत्व की सूचनाओं के साथ-साथ वित्तीय कार्य, राजकीय विधेयक तथा गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे । प्रश्नों के शतप्रतिशत उत्तर प्राप्ति के लिए प्रयास किये गये हैं और उम्मीद है कि इस सत्र में भी सरकार के संबंधित विभागों के द्वारा सभी प्रश्नों के उत्तर ससमय प्राप्त होंगे ।

आप सबों से आग्रह है कि बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के तहत अपनी बातों को सदन में रखें । सरकार हर विषय में उत्तर देने के लिए बाध्य होगी । यह संसदीय प्रणाली की खास विशेषता है कि कार्यपालिका सदन के प्रति जवाबदेह होती है ।

माननीय सदस्यगण, स्वतंत्रता मिलने पर हमलोगों ने लोकतंत्र के लिए संसदीय प्रणाली को अपनाया । वयस्क मताधिकार से प्रतिनिधि शासन व्यवस्था में सामान्य जन की सक्रिय भागीदारी बढ़ी । इस प्रणाली की आलोचना भी कम नहीं होती है । आलोचकों ने हमेशा इसपर आपत्ति व्यक्त किया है कि इस व्यवस्था में अधिकांश लोग इतने अज्ञानी, अशिक्षित और अदूरदर्शी होते हैं कि वे सार्वजनिक नीतियों के निर्धारण में भाग लेने के योग्य नहीं माने जा सकते, जबकि समय ने जवाब दिया है कि सामान्य जनता समझदार होती है । उसे परिस्थिति को समझाने में भले देर लगता हो लेकिन वह जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करने में पूरी

तरह समक्ष होती है । वे सामाजिक जीवन को प्रभावित करने वाले राजनीतिक निर्णयों को अपने अनुकूल पलटने की क्षमता रखती हैं और उनके निर्णयों का सामाजिक परिवर्तन की दिशा में दूरगामी असर भी होता है ।

मेरा आप सबों से अनुरोध है कि इस छोटे से सत्र में सदन के समय का भरपूर उपयोग करें और सदन के माध्यम से आप जनता की तकलीफों को दूर करें।

मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है कि इस सत्र के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का सकारात्मक सहयोग निरन्तर प्राप्त होगा ।

## अध्यासी सदस्यों का मनोनयन

माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-12(1) के अधीन निम्न सदस्यों को सप्तदश विधान सभा के नवम सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूँ -

श्री प्रेम कुमार, स0वि0स0

श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स0वि0स0

श्री विजय शंकर दूबे, स0वि0स0

श्री भूदेव चौधरी, स0वि0स0

श्रीमती ज्योति देवी, स0वि0स0

## समितियों का गठन

माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 219(1) के अधीन मैं सप्तदश विधान सभा के नवम सत्र के लिए कार्य मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूँ -

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | - सभापति |
| श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | - सदस्य |
| श्री महेश्वर हजारी, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा | - सदस्य |
| श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री | - सदस्य |
| श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | - सदस्य |
| श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा | - सदस्य |
| श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता विरोधी दल | - सदस्य |
| श्री शकील अहमद खॉं, स0वि0स0 | - सदस्य |

## विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| श्री आलोक कुमार मेहता, मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | - सदस्य |
| श्री जीतन राम मांझी, स0वि0स0 | - सदस्य |

श्री तारकिशोर प्रसाद, स0वि0स0 - सदस्य
श्री महबूब आलम, स0वि0स0 - सदस्य
श्री अजय कुमार, स0वि0स0 - सदस्य
श्री सूर्यकांत पासवान, स0वि0स0 - सदस्य

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

सभा सचिव ।

औपचारिक कार्य

सभा सचिव : महोदय, मैं बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित निम्नलिखित विधेयकों की एक विवरणी पटल पर रखता हूँ जिसमें महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अधीन अनुमति प्रदान की गयी है और इसकी सूचना सप्तदश बिहार विधान सभा के अष्टम सत्र की समाप्ति के बाद प्राप्त हुई है -

(व्यवधान)

अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आज प्रथम दिन है, आप अपना स्थान ग्रहण करें । आप नियम के मुताबिक खड़े नहीं हैं, आप अपना स्थान ग्रहण करें । सचिव पढ़ रहे हैं, सुनिए । नियमानुसार आपकी बातें अभी नहीं सुनी जायेगी ।

(व्यवधान)

आप स्थान ग्रहण कीजिए न । हो गया न, बैठिए ।

माननीय सचिव पढ़ रहे हैं, आप बैठिए ।

सभा सचिव : महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विशेष न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022 | 12.05.2023 |

महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग विधेयक, 2023 | 15.03.2023 |
| 2. | बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2023 | 28.03.2023 |
| 3. | बिहार नौकाघाट बन्दोबस्ती एवं प्रबंधन विधेयक,2023 | 10.04.2023 |
| 4. | आधारभूत संरचना विकास सामर्थ्यकारी (एनेबलिंग) (संशोधन) विधेयक, 2023 | 15.04.2023 |

(व्यवधान)

वित्तीय कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद-205 के अनुसरण में बिहार विनियोग (संख्या-2) अधिनियम, 2023 द्वारा स्वीकृत राशि के अलावे वर्ष 2023-24 में जो खर्च होने की संभावना है उसके संबंध में, मैं प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण सदन पटल पर उपस्थापित करता हूँ ।

(व्यवधान )

टर्न-2/शंभु/10.07.23

शोक-प्रकाश

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा और आपका पुनीत कर्त्तव्य है ।

स्वर्गीय गायत्री देवी

अध्यक्ष : बिहार विधान सभा की पूर्व सदस्या श्रीमती गायत्री देवी का निधन दिनांक 09 अप्रील, 2023 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 78 वर्ष की थी । स्वर्गीय गायत्री देवी नवादा जिले के गोविन्दपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1970 के उप निर्वाचन में, वर्ष 1980, 1985, 1990 एवं 2000 में तथा नवादा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972 में बिहार विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुईं थीं । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी महिला थीं । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय सोनेलाल मेहता

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री सोनेलाल मेहता का निधन दिनांक 27 अप्रील, 2023 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 69 वर्ष की थी । स्वर्गीय मेहता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2014 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय शोभाकान्त मंडल

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री शोभाकान्त मंडल का निधन दिनांक 14 मई, 2023 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 84 वर्ष की थी । स्वर्गीय मंडल भागलपुर जिला के पीरपैंती विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2000, मार्च, 2005 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय पुनेश्वर मंडल

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री पुनेश्वर मंडल का निधन दिनांक 05 जून, 2023 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 77 वर्ष की थी । स्वर्गीय मंडल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1996 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

अध्यक्ष : अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर सभी दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करें ।

(एक मिनट का मौन)

अध्यक्ष : मैं अपनी तथा संपूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेजवा दूँगा ।

अब सभा की बैठक, मंगलवार दिनांक- 11 जुलाई, 2023 को 11.00 बजे पूर्वा0 तक के लिए स्थगित की जाती है ।